स्वतंत्रता दिवस

आज स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर महाविद्यालय प्रांगण में ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर कॉलेज प्रबंधक समिति के माननीय सदस्य, अतिथि गण, स्टाफ सदस्य और महाविद्यालय की छात्राएं मौजूद रही। कार्यक्रम के प्रारंभ में कॉलेज प्रबंधक समिति के माननीय सदस्यों के द्वारा मुख्य अतिथि श्रीमती रीटा गर्ग जी को बुके देकर उनका स्वागत किया गया। श्रीमती रीटा गर्ग जी व उनके पुत्र रिटायर्ड आईएएस ऑफिसर डॉ ईश कुमार गर्ग जी व उनकी धर्मपत्नी रिटायर्ड आईएएस ऑफिसर डॉ वीना गर्ग जी ने मेरिट प्राप्त करने वाली छात्राओं को छात्रवृत्ति प्रदान की। कार्यक्रम के अंत में प्रबंधक समिति के प्रधान श्री अंशुल कुमार सिंगला जी व अन्य माननीय सदस्यों के द्वारा श्रीमती रीटा गर्ग जी को सम्मान पत्र व अन्य अतिथियों को स्मृति स्वरूप पौधा भेंट किया गया।

हिंदू कन्या महाविद्यालय में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

जींद : हिंदू कन्या महाविद्यालय के प्रांगण में स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम एनएसएस एवं खेल विभाग द्वारा समस्त प्रबंधक समिति एवं स्टाफ की उपस्थिति में ध्वजारोहण किया गया। पूर्व आइपीएस अधिकारी डा. ईश कुमार, उनकी धर्मपत्नी वीना गर्ग, उनकी माता रीटा गर्ग, पूर्व प्राचार्या डा. रेणु मंगला, डा. रमेश कुमार ने अलग संकाय के सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं के लिए उनके दिवंगत पिता कुशल कुमार गर्ग की स्मृति में कुशल कुमार छात्रवृत्ति प्रारंभ की।

वहीं, जींद, विज्ञप्ति : महाराजा अग्रसेन वमावि में स्वतंत्रता दिवस समारोह मनाया गया। ध्वजारोहण किया गया।

उधर, जींद : गुरु द्रोणाचार्य पब्लिक स्कूल में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। चेयरमैन अरविंद बंसल, निदेशक रणवीर पाल सिंह, प्राचार्या आशु राठौर गुप्ता एवं मैनेजमेंट कमेटी के सदस्य पीयूष बंसल ने ध्वजारोहण किया।

हिंदू कन्या कालेज में ध्वजारोहण करते हुए विद्यार्थी व स्टाफ सदस्य। ● विज्ञप्ति